# Greenlawns School, Worli

## प्रथम सत्रीय पुनरावलोकन ( २०२४-२५)

## हिंदी

**कक्षा :- छठवीं** **पूर्णांक:- ८०**

**दिनांक :-** ०३.१०.२०२४ **समय:- २** घंटे

**सूचना:- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**शुद्ध भाषा व सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।**

---

**प्र.१) निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए- (१०)**

१. स्वस्थ शरीर : सुखी जीवन

२. मेरा प्रिय अध्यापक / अध्यापिका

३. दहीहांडी – एक अनोखा उत्सव

**प्र.२) निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए तथा अंत में उससे मिलनेवाली सीख व शीर्षक लिखिए :- (७)**

किसी गाँव में एक किसान ------- लालची------- धनी बनने की इच्छा ------ गाँव में एक संत का आगमन ------ किसान द्वारा उनकी सेवा ------ संत जी का प्रसन्न होना ----- किसान की इच्छा पूछना ----- किसान का धनी बनने की इच्छा प्रकट करना ------ संत जी द्वारा उसे एक मुर्गी का दिया जाना ----- मुर्गी का रोज़ एक सोने का अंडा देना ------ किसान का बेहद खुश होना ----- धीरे-धीरे निर्धनता दूर होना ----- एक दिन मन में लालच आना ----- एक ही दिन में मुर्गी के पेट से सारे अंडे प्राप्त करने का विचार ------ मुर्गी का पेट चीरना ----- एक भी अंडा न निकालना ----- मुर्गी का मर जाना ----- किसान का पछताना ------ सीख ---- शीर्षक।

प्र.३) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

मोहित बुद्धिमान और शालीन बालक था। वह सदा अपनी कक्षा में प्रथम आता था। बड़ों का आदर करता था व जरूरतमंदों की मदद करता था। खेलकूद व अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता था। सभी उसकी प्रशंसा करते थे। माता-पिता को भी अपने पुत्र पर गर्व था। कुछ समय बाद उसके कुछ नए मित्र बन गए। वह उनके साथ घूमने व खेलने जाने लगा। धीरे-धीरे पढ़ाई में उसकी रुचि कम होने लगी। उसकी यह दशा देखकर उसके माता-पिता चिंतित हो गए। फिर उन्होंने उसे समझाने का एक नया तरीका निकाला। उन्होंने मोहित को बुलाकर दो टोकरी ताजा सेब मँगवाए। उसमें से एक टोकरी में उन्होंने एक सड़ा हुआ सेब रखवा दिया। दो दिन बाद उन्होंने मोहित से वे टोकरियाँ लाने को कहा। मोहित टोकरी लेकर आया तो उसने देखा कि पहली टोकरी के सेब तो पहले जैसे ही ताजा लग रहे थे, परंतु दूसरी टोकरी के सभी सेब सड़ चुके थे। मोहित के पिता ने उसे समझाया कि जिस तरह एक सड़े हुए सेब ने टोकरी के अन्य सेबों को खराब कर दिया, इसी तरह उसके बुरे मित्रों की संगति ने उसे बिगाड़ दिया है। मोहित को अपनी गलती समझ में आ गई। उसने अपनी भूल सुधार ली और बुरे मित्रों का साथ छोड़ दिया।

प्रश्न :-

i. मोहित की सभी प्रशंसा क्यों करते थे ? (२)

ii. मोहित में क्या परिवर्तन आया और कब ? (२)

iii. मोहित के माता-पिता क्यों चिंतित हुए और इस चिंता दूर करने के लिए उन्होंने क्या किया ? (२)

iv. मोहित को अपनी भूल का एहसास कब हुआ और उसके बाद उसने क्या किया ? (२)

v. इस गद्यांश से आपने क्या सीखा ? (२)

प्र.४) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

अ)निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (२)

१. आदर- २. सोना -

आ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (२)

१. आज्ञा - २. चंचल -

इ) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :- (२)

१. काम में लगा रहनेवाला -

२. घूम – फिरकर सौदा बेचनेवाला -

ई) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- (कोई २)(३)

१. अच्छे दिन आना - २. एड़ी- चोटी का ज़ोर लगाना - ३. ईंट से ईंट बजाना-

उ) निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए - (२)

१. परिक्षा - २. टेडा -

ऊ)निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम पहचानकर उसके भेद लिखिए:- (१)

१. जो अच्छा गीत गाएगा, उसे पुरस्कार अवश्य मिलेगा।

ए) निम्नलिखित वाक्यों में कारक पहचानकर उसके भेद लिखिए। (१)

१. माली ने पौधे लगाए।

## साहित्य – विभाग

प्र.५ . अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (१२)

१. वनरक्षक ने राजा की किस बात में सच्चाई की कमी बताई ? 'अनोखा पुरस्कार ' इस पाठ से आपने क्या सीखा ?

२. वृद्ध व्यक्ति का परिचय दीजिए ? वृद्ध ने कामना की हड्डी के विषय में क्या बताया ?

३. लेखक का जन्म कहाँ हुआ था ? गंगा के जल में पहुँचकर लेखक ने क्या अनुभव किया ?

४. डिजिटल इंडिया से क्या-क्या लाभ हैं?

प्र.५. आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए:- (३)

१. भ्रष्टाचार किस व्यवस्था में फैला है ?

२. थाह की सीढ़ी मिलने पर गुरु जी ने क्या कहा ?

३. स्वाधीन देश के लोग अपना निर्वाह कैसे करते थे ?

प्र.५.इ ) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:- (३)

१. महाराज एक ------ का पीछा करते हुए अपना रास्ता भूल गए।

२. उत्तर प्रदेश में दो बहती --------- हैं - गंगा और यमुना |

३. आम जनता सरकारी नीतियों और -------- को लेकर जागरूक हुई है।'

प्र.५. ई) निम्नलिखित वाक्य 'किसने - किससे कहा' लिखिए। (३)

१. " चलो, हमें महल तक पहुँचा आओ! आज तुम हमारे मेहमान रहोगे"

२. "तो क्या यह प्रदेश मेरे राज्य का अंग नहीं है ?"

३. " यहाँ से थोड़ी दूर पर मेरा झोंपड़ा है। "

प्र.५. उ ) योग्य पर्याय चुनकर शब्दार्थ लिखिए:- (४)

१. विपुल - i) विचित्र ii) विस्मय iii) अधिक iv) अकस्मात

२. प्रमाण - i) साबित ii) सबूत iii) साबुत iv) सबुत

३. मुहैया - i) मेहनत ii) उपलब्ध iii) उलपब्ध iv) ऊप्लब्ध

४. पावनी - i) पावीत्र ii) पवीत्र iii) पवितर iv) पवित्र

## <u>कविता- विभाग</u>

प्र . ६.अ)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (६)

१. बादलों से निकली बूँद का अंत में क्या परिणाम हुआ ? कविता के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है?

२. कबीरदासजी का परिचय लिखिए।

प्र. ६ आ) एक वाक्य में उत्तर दीजिए :- (२)

१. कबीरदासजी के अनुसार जहाँ दया होती है , वहाँ क्या होता है ?

२. कबीरदास जी के अनुसार पंडित बनने के लिए क्या पढ़ना जरूरी है ?

प्र ६ . इ) निम्नलिखित कविता की पंक्तियों को पूर्ण कीजिए :- (४)

दैव ---------------

-------------------

-------------------

--------------- फूल में ।

प्र.६. ई) योग्य पर्याय चुनकर शब्दार्थ लिखिए :- (३)

१. कढ़ी - i) नकली ii) निकली iii) नीकली iv) निकाली

२. खोट - i) गुण ii) दोश iii) दौषा iv) दोष

३. बलिहारी - i) न्योछावर होना ii) न्योचावर होना iii) न्यौछावर होना iv) न्यूछावर होना

---------- समाप्त ------